संख्या: 107/2016/1452(2)/छप्पन-2016-42/2015

प्रेषक,

एस0के0 रघुवंशी,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 27 दिसम्बर, 2016

विषय: बेल-412 हेलीकॉप्टर पर 412 Component Overhaul (English) पर यू0एस0ए0 में प्रशिक्षण दिलाये जाने के लिए वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या:2898/ना0उ0नि0/इंजी/एफ-2/2016, दिनांक 05-09-2016 एवं पत्र संख्या- 3258/ना0उ0नि0/इंजी0/एफ-2/2016, दिनांक 06-10-2016 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नये क्रय किये गये राजकीय हेलीकॉप्टर बेल-412 ई0पी0आई0 (वी0टी0-यू0पी0के0) पर श्री लवप्रीत सिंह, हेलीकॉप्टर अनुरक्षण अभियन्ता को हेलीकॉप्टर-412 Component Overhaul (English) का प्रशिक्षण दिनांक 17.10.2016 से दिनांक 04.11.2016 तक (आने-जाने हेतु 02 दिन एवं एक दिन पहले पहुंचना एक दिन बाद आना कुल 04 दिन) Bell Training Academy Taxas USA में प्रशिक्षण दिया जाना है। अत: श्री राज्यपाल राजकीय हेलीकॉप्टर बेल-412 ई0पी0आई0 (वी0टी0-यू0पी0के0) पर श्री लवप्रीत सिंह, हेलीकॉप्टर अनुरक्षण अभियन्ता को Bell Training Academy Taxas USA में दिनांक 17.10.2016 से दिनांक 04.11.2016 तक (आने-जाने हेतु 02 दिन एवं एक दिन पहले पहुंचना एक दिन बाद आना कुल 04 यात्रा दिवसों सहित 22 दिन) होने वाले प्रशिक्षण पर व्यय रूपये 4,76,672/- (रूपये चार लाख छियत्तर हजार छ: सौ बहत्तर मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति सहर्ष प्रदान करते है।

2- उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/भुगतान वास्तविक व्यय के आधार पर नियमानुसार किया जायेगा।

3- श्री लवप्रीत सिंह, हेलीकॉप्टर अनुरक्षण अभियन्ता से शासन द्वारा अनुमोदित बॉण्ड निष्पादित कराया जाय।

4- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या- 38 के अन्तर्गत लेखा शीर्षक "2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-आयोजनेत्तर-114-वाहन का क्रय तथा रख रखाव-03-नागरिक उड्डयन निदेशालय-42-अन्य व्यय" के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,
एस0के0 रघुवंशी
सचिव।

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

पृ0सं0: 107/2016/1452(3)/छप्पन-2016-तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी) उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठा तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर-एच, अलीगंज, लखनऊ।
3. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
5. वित्त (सामान्य) अनुभाग-1/2, वित्त (लेखा) अनुभाग-1/2
6. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0।
7. सचिव, भारत सरकार, नागर विमानन मंत्रालय/इकोनॉमिक अफेयर्स, मंत्रालय, नई दिल्ली।
8. सम्बन्धित अधिकारी।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।